Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps to get release of a resident of Arunachal Pradesh from the alleged captivity of People's Liberation Army (PLA) of China.

श्री तापिर गाव (अरुणाचल पूर्व): माननीय सभापति जी, यह अरुणाचल प्रदेश के एक परिवार की बहुत दुखद कहानी है । सितम्बर, 2015 में तापोर पुलोम और इनके साथी सेना बार्डर में हर्बल कलैक्शन्स और हंटिंग के लिए गए थे, लेकिन तजीबाओ पास के सामने हंटिंग करते हुए तापोर पुलोम को पीएलए ले गए । वह परिवार आर्मी और भारत सरकार से गुहार कर रहा है । जैसे मोदी साहब ने छः बच्चों को दो साल में पीएलए के हाथों से रिहा करवाया, मैं गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से रिक्वेस्ट करता हूं कि वर्ष 2015 में जिसे पीएलए ले गए, सारी एजेंसियों को लगाकर तापोर पुलोम, केमांग गांव के मोनीगोंग और शि-योमी डिस्ट्रिक्ट, अरुणाचल प्रदेश के उस नागरिक को वापस लाया जाए । मैं यही गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से मांग करता हूं ।

माननीय सभापति: श्री राजू बिष्ट -उपस्थित नहीं ।

श्री खगेन मुर्मु -उपस्थित नहीं ।

श्री मोहन मंडावी -उपस्थित नहीं ।

श्री बी. मणिक्कम टैगोर -उपस्थित नहीं ।